श्रीमती ज्योति देवी (बाराचट्टी), माननीया स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/2078 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1.	क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड में मुहाने नदी पर प्रस्तावित बरंडी वीयर सिंचाई परियोजना के स्वीकृति की दिशा में अब तक कार्य नहीं किया गया है जबकि मैंने सदन को 2013 से इस विषयक अवगत करा रही हूँ, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सुखाड़गरस्त क्षेत्र बाराचट्टी के बरंडी वीयर सिंचाई योजना को कबतक स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि :– प्रश्नगत योजना हेतु प्राक्कलन तैयार किया गया था, जिसके तहत प्रस्तावित बायाँ मुख्य नहर का निर्माण कर उसके माध्यम से गोआत पईन एवं गोपालखेरा पईन में पानी दिया जाना था। उक्त दोनो पईन का तल प्रस्तावित मुख्य नहर के तल से ऊँचा है। अतः प्रस्तावित मुख्य नहर से उक्त दोनों पईनों में जलश्राव दिया जाना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। इस क्रम में केन्द्रीय रूपांकण शोध एवं गुण नियंत्रण पटना की तकनीकी टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया तत्पश्चात टीम के द्वारा सुझाव दिया गया कि मुहाने नदी से सिंचाई हेतु पानी को पम्प के माध्यम से लिफ्ट कर पाईप के द्वारा गोआत पईन एवं गोपालखेरा पईन में पानी दिया जा सकता है। उक्त के आलोक में DPR तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–04/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2078 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–04/2026 पटना/दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–04/2026 पटना/दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–04/2026 1335 पटना/दिनांक : 10/3/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव